तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 13.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 14 नवंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



14 पठियापाली में हुई विहिप की बैठक, ग्राम स्तर पर...





14 वृद्धाश्रम में मिले 3 मानसिक रोगी, योग और ध्यान की दी गई सलाह




## खबर संक्षेप



### डीएमसी ने किया अमलोर स्कूल का औचक निरीक्षण

**महासमुंद।** डीएमसी रेखराज शर्मा ने शासकीय प्राथमिक शाला अमलोर, मिडिल स्कूल अमलोर तथा हाई स्कूल अमलोर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्था प्रमुखों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों के पास ब्लूप्रिंट अनिवार्य रूप से होना चाहिए। साथ ही प्राथमिक एवं मिडिल स्तर पर तिमाही, अर्द्धवार्षिक तथा वार्षिक परीक्षा के अधिभार की जानकारी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को स्पष्ट रूप से होनी चाहिए। उन्होंने आगे निर्देश दिए कि सभी विद्यार्थियों का अपार आईडी शीघ्रता से जनरेट किया जाए तथा जाति प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया पूर्ण की जाए।
हाई स्कूल में स्थापित आईसीटी केंद्र को प्रतिदिन संचालित करने के भी निर्देश भी दिए। बच्चों की उपस्थिति कम पाए जाने पर पालकों से नियमित संपर्क कर बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान शर्मा एवं बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा ने 14 नवंबर को आयोजित होने वाले एफएलएन मेले की तैयारी का अवलोकन भी किया। उन्होंने तैयारियों पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्हें और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

# आधा भी नहीं बन पाया बेलसोंडा ओवरब्रिज, समय पर नहीं होगा पूरा

## बेलसोंडा ओवरब्रिज निर्माण में बिजली पोल बाधा, अब तक नहीं हो पाई शिफ्टिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बेलसोंडा में ओवरब्रिज का निर्माण कार्य लगभग एक साल से जारी है। अब तक निर्माण कार्य 50 फीसदी भी नही हुआ है। मार्च 2026 में ब्रिज को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्य की गति को देखते हुए लग नहीं रहा है कि ब्रिज समय पर पूरा हो पाएगा। बिजली पोलों की शिफ्टिंग भी नहीं हो पाई है। शहरवासियों को बेलसोंडा ओवरब्रिज के लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।

2023 में बेलसोंडा में ओवरब्रिज निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली थी। 58 करोड़ 66 लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य किया जा रहा है। बेलसोंडा रेलवे क्रासिंग से प्रतिदिन हजारों की संया में वाहन आते-जाते हैं। रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से लोगों को 15 से 20 इंतजार करना पड़ता है। वर्तमान में बिजली पोलों की शिफ्टिंग के लिए भी रेलवे से अनुमति नहीं मिल पाई है, जिसके कारण पोल शिफ्टिंग का कार्य भी अटका हुआ है। एक साल बाद भी पिलर बनाने का कार्य भी अधूरा है। मानसून सीजन से ही कार्य प्रभावित हुआ था और त्योहारी सीजन में मजदूरों की कमी के कारण भी कार्य पर असर पड़ा। महासमुंद-रायपुर जाने वाले मार्ग में एक मात्र रेलवे क्रॉसिंग है, जिसमें से लोगों प्रतिदिन जूझना पड़ता है। इसके अलावा रेलवे क्रासिंग पर जाम भी लगा रहता है। नेशनल हाइवे के अधिकारियों ने बताया कि रेलवे से अनुमति मिलने के बाद ही पोल शिफ्टिंग का कार्य होगा।

### राहत के लिए करना होगा और इंतजार

बेलसोंडा ओवरब्रिज का निर्माण कार्य मेसर्स खलातकर कंस्ट्रक्शन इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड नागपुर के द्वारा ओवर ब्रिज बनाया जा रहा है। 2 लेन रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। बेलसोंडा ओवरब्रिज बन जाने से महासमुंद शहर के बड़ी आबादी को राहत मिलेगी।



### अनुमति के बाद शिफ्टिंग

रेलवे से अनुमति मिलने के बाद बिजली पोलो की शिफ्टिंग की जाएगी। इसके अलावा एनएच ने गर्डर लांच के लिए रेलवे को पत्र लिखा है। पिलर का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद ही गर्डर लांचिंग की जाएगी। प्रतिदिन रेलवे क्रासिंग पर वाहनों की लंबी कतार लग रही है।

**18 महीने में होना था पूरा :** कार्यादेश 12 सितंबर 2024 को जारी किया था। इस तरह से देखा जाए तो लगभग 14 महीने हो चुके हैं और चार माह ही शेष रह गया है। ऐसे में बेलसोंडा ओवरब्रिज भी अपने तय समय पर पूरा होते नहीं दिख रहा है। सामने के दो पिलर्स आकार ले रहे हैं। रेलवे की ओर से पुल की लंबाई 72 मीटर और चौड़ाई 14 मीटर होगी। लोक निर्माण विभाग की ओर से 24 मीटर और चौड़ाई 12.200 मीटर होगी। आरई वॉल की लंबाई 427.358 मीटर होनी, जिस पर कार्य जारी है।

## अपराध: आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज, कोमाखाना क्षेत्र के ग्राम भिलाईदादर का मामला

# ओडिशा की शराब बेचने वालों के घर टीम ने मारा छापा तो किया हमला, शराब भी छीनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ओडिशा से शराब लाकर अवैध तौर पर बिक्री के लिए रखे जाने की सूचना पर धरपकड़ की कार्रवाई के लिए पहुंची राज्य स्तरीय आबकारी उड़नदस्ता रायपुर की टीम पर कथित शराब बिक्रीकर्ताओं ने हमला कर दिया साथ ही मौके से टीम द्वारा बरामद की गई शराब भी छीन ली। आबकारी टीम के साथ कुछ महिला व पुरुषों द्वारा बदसलूकी, डराने-धमकाने और बरामद शराब को छीन कर ले जाने का मामले में सहायक जिला आबकारी अधिकारी की शिकायत पर कोमाखान पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 221, 132, 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार के अनुसार 12 नवंबर को नीलम किरण सिंह सहायक जिला आबकारी अधिकारी राज्य स्तरीय उडनदस्ता छग रायपुर के द्वारा मामले को लेकर दिए गए आवेदन के अनुसार थाना कोमाखान क्षेत्र ग्राम भिलाईदादर में भुवन उर्फ भूषण मल्होत्रा, करण मल्होत्रा द्वारा अन्य राज्य (ओडिशा) की शराब का संग्रहण कर विक्रय किए जाने की सूचना पर रेड कार्रवाई करने शाम 5 बजे ग्राम भिलाईदादर पहुंचकर भुवन उर्फ



भूषण मल्होत्रा एवं करण मल्होत्रा के मकान की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ही करण मल्होत्रा परिवार की महिलाओं द्वारा तलाशी कार्रवाई में व्यवधान पहुंचाया जा रहा था। इसके पश्चात आगे की तलाशी में मकान से लगे खेत के मेढ़ किनारे एक बारदाना बोरी में भरी ओडिशा राज्य की हिरण छाप पाउच लावारिस अवस्था में (लगभग 200 नग प्रत्येक मे 200 मिली शराब) कुल 40 लीटर महुआ शराब बरामद की गई।

जब्त की गई शराब की अग्रिम कार्रवाई के दौरान भुवन उर्फ भूषण मल्होत्रा, करण मल्होत्रा एवं उनके परिवार के पुरूष एवं महिलाओं द्वारा शराब बरामदगी स्थल पर पहुंचकर आबकारी टीम द्वारा की जा रही कार्रवाई में व्यवधान उत्तपन्न किया गया और गाली गलौच व अभद्र व्यवहार करते हुए स्टाफ को लाठी, डंडा से डराया-धमकाया गया। साथ ही बरामद शराब को भी छीनकर भी ले गए। शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के कारण ही आबकारी टीम द्वारा कोई भी कागजी कार्रवाई घटना स्थल पर नहीं की जा सकी। रेड कार्रवाई के दौरान स्टाफ के योगेश सोनी, जितेश्वरी आलेंद्र, आबकारी उपनिरीक्षक राजेश कुमार घरडे, प्रशिक्षु परिवीक्षाधीन आबकारी उपनिरीक्षक, जागेश्वर वर्मा आबकारी मुख्य आरक्षक, सुरेंद्र कुमार झारिया, नागेश निषाद आबकारी आरक्षक एवं वाहन चालक जितेंद्र यादव उपस्थित रहे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 221, 132, 3(5) बीएनएस के तहत मामला र्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद।** काशीपाली पेट्रोल पंप के पास ट्रैक्टर की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं घटना में उसकी पत्नी घायल है। मामला सरायपाली थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार राम प्रसाद साव पिता उसतराम साव (53 साल) निवासी पोटापारा थाना सरायपाली 11 नवंबर को अपनी पत्नी गोरी बाई को अपनी मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 06 जीसी 4920 में पीछे बिठाकर दशकर्म में शामिल होने ग्राम पोटापारा से बूटीपाली जा रहा था। ग्राम काशीपाली पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रहे एक बिना नंबर आयशर ट्रैक्टर का चालक अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं खतरनाक ढंग से लापरवाहीपूर्वक चलाकर राम प्रसाद की मोटर साइकिल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे रामप्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं पीछे बैठी मृतक की पत्नी गोरी बाई को घायल अवस्था में इलाज हेतु सीएचसी सरायपाली ले जाया गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281, 125(ए), 106(1) बीएनएस, 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## दो साल पहले शिशुपाल पर्वत में मिली थी लाश जांच के बाद 4 के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

**महासमुंद।** जिले के सरायपाली थाना क्षेत्र के शिशुपाल पर्वत में दो साल पूर्व मिली एक लाश के मामले में पुलिस ने जांच के बाद 4 आरोपियों के विरूद्ध बलौदा थाने में हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस ने बताया कि 25.07.2023 को सूचक सुरेश कुम्हार पिता स्व. अलेख कुम्हार (52 वर्ष) अमलीपदर थाना बलौदा जिला महासमुंद ने थाना उपस्थित आकर मर्ग की सूचना दी कि 24.07.2023 को ग्राम अमलीपदर के सूचक एवं ग्रामीणों ने शिशुपाल पहाड़ की ओर लकड़ी बीनने के दौरान काशी पठार झरना के नीचे पत्थरों के बीच में एक आदमी को फंसा देखा। इसके बाद पुलिस ने उक्त स्थल पर जाकर एक अज्ञात व्यक्ति का शव क्षतविक्षत हालत में मिलने पर स्वीपर एवं ग्रामीणों मदद से पत्थर के बीच से बाहर निकलवाया। मृतक का सिर कुचल गया था और पहचान पहचान नहीं हो रही थी। मामले की जांच के दौरान चौकी भंवरपुर थाना बसना के गुम इंसान क्रमांक 82 / 2023 के तहत ओमकेश्वर सिदार पिता दौलतराम सिदार (22 वर्ष) निवासी बुटीपाली थाना बसना जिला महासमुंद के रूप में सूचक दौलतराम सिदार एवं परिजनों ने पहचान की। मृतक के छोटे भाई अमित सिदार ने परिजनों को बताया कि उसको अजय साहू निवासी पीपरभावना के द्वारा एक फोन रिकार्डिंग भेजा गया है, जिसमें ओमकेश्वर सिदार शिशुपाल पर्वत में मनहरण साहू, अनिल पटेल, संजय साहू, हेमकुमार साहू के साथ पिकनिक मनाने के लिये गया था, जहां उसे उन लोगों के द्वारा मार दिया गया है कहकर बात कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने संदेही मनहरण साहू अनिल पटेल, संजय साहू, हेमकुमार साहू से पूछताछ की, जिस पर मनहरण साहू द्वारा अपनी बहन के साथ मृतक ओमकेश्वर सिदार का अफेयर होना बताने पर शिशुपाल पर्वत में गाली गलौज, झगडा होने के कारण नहाने के दौरान गुस्से में हाथ झटककर धक्का देकर झरने से नीचे गिराने एवं अनिल पटेल, संजय साहू, हेमकुमार साहू के द्वारा घटना के संबंध में किसी को भी कुछ न बताने की बात पुलिसिया पूछताछ में कही। पुलिस ने परिस्थितिजन्य साक्ष्य एवं संकलित साक्ष्यों के आधार पर आरोपी मनहरण साहू, अनिल पटेल, संजय साहू, हेमकुमार साहू के विरूध्द प्रथम दृष्टया हत्या करने एवं साक्ष्य छुपाने के मामले में थाना बलौदा में अपराध धारा 302, 201, 34 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया

## डोंगरीपाली में करोड़ों का घोटाला, कार्रवाई न होने से भड़के ग्रामीण, मुख्यमंत्री निवास घेराव की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

समीपस्थ ग्राम पंचायत डोंगरीपाली में हुए करोड़ों रुपये के कथित घोटाले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने की चेतावनी देते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत डोंगरीपाली निवासी एमडी सागर ने पूर्व सरपंच अहिल्या बरिहा के कार्यकाल में कराए गए शासकीय योजनाओं के तहत विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन कराया था। जांच टीम की प्रतिवेदन में 1,39,26,093 रुपए की अनियमितता पाई गई। इसके बाद जांच टीम ने जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार को विस्तृत प्रतिवेदन भी सौंपा। शिकायतकर्ता एमडी सागर ने बताया कि इतने बड़े भ्रष्टाचार के उजागर होने के बावजूद जिला पंचायत प्रशासन की ओर से न तो पूर्व सरपंच और न ही तत्कालीन सचिव हजारीलाल कैवर्त पर कोई कार्रवाई की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला पंचायत स्तर पर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा जानबूझकर मामले को दबाया जा रहा है और दोषियों को बचाया जा रहा है।

मिली जानकारी अनुसार शिकायत तीन बिंदुओं पर की गई थी, जिसमें 1,39,26,093 रुपए की गड़बड़ी प्रमाणित हुई। उक्त राशि के बिल, वाउचर या कार्यस्थल पर किसी भी तरह के विकास कार्य के साक्ष्य उपलब्ध नहीं मिले। यह राशि वसूली योग्य मानी गई है, फिर भी प्रशासन ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं कि है।

शिकायतकर्ता एमडी सागर ने बताया कि उन्होंने पंचायत में हुए सभी विकास कार्यों का दस्तावेज़ और स्थल निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति उजागर की है। जांच के दौरान यह पाया गया कि कई कार्यों के बिल उपलब्ध नहीं है और न ही कार्य मौजूद किया गया है। इससे स्पष्ट है कि राशि का दुरुपयोग सुनियोजित तरीके से किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि जिला प्रशासन ने समय रहते इस मामले में कार्रवाई नहीं की तो वे



सामूहिक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शासन की योजनाओं का लाभ जनता तक पहुँचाने के बजाय भ्रष्ट अधिकारी और जनप्रतिनिधि मिलकर धन का दुरुपयोग कर रहे हैं। इस मामले में ग्राम पंचायत डोंगरीपाली के युवा पंच अमितेष बरिहा ने कहा कि ग्राम पंचायत में हुए इस बड़े भ्रष्टाचार ने ग्रामीणों का विश्वास पूरी तरह से तोड़ दिया है। जब जनता के विकास के लिए आई सरकारी राशि का ही बंदरबांट हो जाएगा, तो ग्रामीण क्षेत्र कैसे आगे बढ़ेगा? उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना अब बेहद ज़रूरी है, ताकि भविष्य में इस तरह की गड़बड़ियों की पुनरावृत्ति न हो सके। पंच अमितेष बरिहा ने यह भी कहा कि ग्रामीण अब चुप नहीं बैठने वाले हैं। यदि जिला प्रशासन ने दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की, तो डोंगरीपाली के सभी युवक और ग्रामीण मिलकर रायपुर में आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष सिर्फ एक व्यक्ति या पंचायत का नहीं, बल्कि ग्राम की इज्जत और न्याय की लड़ाई है। वहीं पंच खिरोद पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायत में जिस तरह से करोड़ों रुपए की राशि का दुरुपयोग किया गया है, वह अत्यंत निंदनीय है। जनता के हित में आने वाली योजनाओं को कुछ लोगों ने अपने निजी लाभ का जरिया बना लिया, जिससे पूरे गांव की छवि खराब हुई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अब इस मामले में न्याय की मांग को लेकर एकजुट हैं। आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री कार्यालय में सौंपे गए ज्ञापन में चेतावनी दी है कि यदि 24 नवंबर तक संबंधित दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती है, तो 25 नवंबर को मुख्यमंत्री निवास रायपुर का घेराव किया जाएगा। वहीं जिला पंचायत सीइओ हेमंत नंदनवार से उनका पक्ष जानने दूरभाष पर संपर्क किया गया किन्तु सम्पर्क नहीं हो सका। इस संबंध में पिथौरा जनपद पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी रोहिदास पारेश्वर ने कहा कि मेरे संज्ञान में यह मामला आया है। मैं यहां नया आया हूं, जांच प्रतिवेदन को एक बार देखता हूं। उसके बाद ही कुछ कह पाऊंगा।

## बसना और तेंदूकोना से शराब जब्त, तीन लोगों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले की पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री करने वाले तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। बसना और तेंदूकोना थाने में आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

बसना पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति वाहन मोटर साइकिल एचएफ डिलक्स लाल-काले रंग के वाहन क्र सीजी 06 जीसी 3926 में अवैध रूप से देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब रखकर कुछ समय में ग्राम मोहका से गिधली की ओर परिवहन करने वाला है। इस सूचना के बाद पुलिस ने मोहका से गिधली जाने के मार्ग में पहुंचकर मोड़ के पास इंतजार किया। कुछ समय बाद उक्त हुलिए की बाइक में एक व्यक्तिगिधली की ओर आता दिखा। जिसने अपने वाहन के पीछे खाकी रंग की बोरी को बांधा हुआ था। उसे रोककर पूछताछ की गई, जिस पर उसने अपना नाम कपूर साय रात्रे पिता परसराम रात्रे (40 साल) निवासी सोनामुंदी होना बताया। आरोपी के कब्जे कुल 35 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 7 हजार रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

इसी तरह तेंदूकोना पुलिस को सूचना मिली थी एक प्लेपटिना मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 06 जीजेड 8896 में दो व्यक्ति एक काले रंग के थैले में शराब रखकर बिक्री करने हेतु ले जा रहे हैं। इसके बाद ग्राम बगारपाली मोड़, बांस प्लाट के पास उक्त मोटर साइकिल आती दिखी। जिसे रोककर पूछताछ की गई। जिसमें बाइक चालक ने अपना नाम चंपत लाल सिन्हाश पिता अंजोर सिंह सिन्हा (39 साल) रावण भाठा वार्ड नं 2 पिथौरा थाना पिथौरा जिला महासमुंद एवं पीछे बैठे व्यजक्ति ने अपना नाम पंकज कुमार रात्रे पिता संतोष कुमार रात्रे (23 साल) कचंदा थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा हाल निवास- ग्राम हरदी थाना पिथौरा जिला महासमुंद होना बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 50 नग देशी प्लेंन शराब (शोले) कीमत करीबन 4000 रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# जिले में पारा 3 डिग्री गिरा, जनजीवन पर पड़ रहा असर



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में मौसम ने अचानक करवट ली है, जिसके कारण तापमान में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। पिछले कुछ दिनों से रात का तापमान लगातार कम हो रहा है, लेकिन अब यह गिरावट अधिक स्पष्ट हो गई है। जिले में न्यूनतम तापमान में लगभग 3 डिग्री सेल्सियस की कमी आई है, जिससे क्षेत्र में अब कड़ाके की ठंड महसूस होने लगी है। मौसम में आए इस बदलाव ने न केवल लोगों के रोजमर्रा के जीवन को प्रभावित किया है, बल्कि उन्हें अचानक गर्म कपड़ों का सहारा लेने पर भी मजबूर कर दिया है। जिले में न्यूनतम तापमान अब लगभग 13 सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा रहा है, जबकि अधिकतम तापमान अभी भी लगभग 27 सेल्सियस के करीब बना हुआ है, जैसा कि हाल के मौसम पूर्वानुमानों से पता चलता है। यह गिरावट नवंबर के मध्य में ठंड की आधिकारिक शुरुआत का संकेत देती है। सुबह और देर रात के समय तेज ठंडी हवाएं चलने लगी हैं, जिससे वातावरण में शीतलहर जैसा अहसास हो रहा है। विशेषकर जिले के ग्रामीण और पहाड़ी इलाकों में ठंड का प्रकोप अधिक है, जहाँ तापमान मैदानी इलाकों की तुलना में और भी कम दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में उत्तर की ओर से आने वाली ठंडी हवाओं के कारण रात के तापमान में यह गिरावट जारी रहने की संभावना है। यह मौसम किसानों और आम नागरिकों दोनों के लिए चिंता का विषय बन गया है, जिसके लिए आवश्यक एहतियाती कदम उठाने की जरूरत है।

### जनजीवन प्रभावित और बाजार पर असर

ठंड की इस अचानक दस्तक से जिले के जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। सुबह-शाम बाजारों में लोगों की भीड़ कम हो गई है। जो लोग जरूरी काम से बाहर निकल रहे हैं, वे पूरी तरह से गर्म कपड़ों, मफलर और टोपी में ढंके हुए नजर आ रहे हैं। सुबह के समय ठंड बढ़ने के कारण अभिभावकों ने प्रशासन से स्कूलों के समय में बदलाव करने की मांग की है, ताकि छोटे बच्चों को सुबह कड़ाके की ठंड में स्कूल न जाना पड़े। सुबह के समय कई इलाकों में हल्का कोहरा भी दिखाई दे रहा है, जिससे दृश्यता कम हो गई है और सड़कों पर वाहनों की गति धीमी पड़ गई है।

### गरम कपड़ों की मांग

शहर के बाजारों में गर्म कपड़ों, हीटरों और अलाव की लकड़ियों की मांग अचानक बढ़ गई है। दुकानदारों ने भी बढ़ी हुई मांग को देखते हुए स्टॉक बढ़ा दिया है। विशेष रूप से ऊनी टोपी, स्वेटर और जैकेट की बिक्री में तेजी आई है। अचानक मौसम बदलने से सर्दी, खांसी और बुखार के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। जिला अस्पताल और निजी क्लीनिकों में ऐसे मरीजों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। डॉक्टरों ने लोगों को सलाह दी है कि वे ठंड से बचाव करें और गर्म पेय पदार्थों का सेवन करें।


BMC
बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 16/11/2025, शाम 5 बजे तक
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

खबर संक्षेप

## चखना सेंटर में मारपीट

**महासमुंद।** चखना सेंटर में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में सरायपाली थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को नरेंद्र डोगरे ग्राम प्रेतनडीह ने बताया कि 11 नवंबर को वह रात करीब 8 बजे अपने साथी दिलीप कुजुर, तरूण सोनवानी, विद्या पांडेय, कमलेश चौहान के साथ शराब भट्टी सरायपाली से शराब खरीद कर पीने के लिए चखना सेंटर गया थे। पारस बेहरा के चखना दुकान में कमलेश चौहान से माचिस मंगाये थे। जब कमलेश चखना दुकान माचिस लेने गया, तब माचिस मांगने की बात पर पारस बेहरा, नम्रता गुप्ता, टीनू, अमन चारों मिल कर कमलेश चौहान के साथ मारपीट करने लगे। आवाज सुनकर प्रार्थी के साथ दिलीप कुजुर, तरूण सोनवानी बीच बचाव करने गए, लेकिन आरोपियों ने गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## गाड़ी सीज करने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** कोतवाली थाना में एक फाइनेंस कंपनी के एरिया हेड मैनेजर ने एक व्यक्ति के खिलाफ गाड़ी सीज करने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। टाटा कैपिटल फाइनेंस कंपनी के एरिया हेड मैनेजर वी. मनोज कुमार ने देबाशीष साहू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। मनोज ने पुलिस को बताया है कि देबाशीष साहू फाइनेंस कंपनी के पुजारी चैंबर स्थित कार्यालय में आकर उस पर ट्रक सीज कर जबरन खींचकर लाने का आरोप लगाते हुए मारपीट की।

# हर पात्र नागरिक का नाम सूची में सुनिश्चित करना हमारा सामूहिक दायित्वः संपत

## बसना विधायक संपत अग्रवाल ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान कार्यशाला को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

लोकतंत्र की जड़ों को और अधिक मजबूत

- विधायक ने लोकतंत्र सशक्तिकरण की दिशा में कार्यकर्ताओं को किया प्रेरित, पीएम मोदी की नीतियों की सराहना

लोकतंत्र की जड़ों को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बसना विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने अपने जनसंपर्क कार्यालय में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2025 (एसआईआर) के अंतर्गत एक प्रेरणादायक कार्यशाला का आयोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मतदाता सूची के शुद्धिकरण और अद्यतन की प्रक्रिया को लोकतंत्र की आत्मा बताया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य एसआईआर अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाना और प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। विधायक डॉ. अग्रवाल ने कहा कि यह अभियान केवल एक प्रशासनिक



औपचारिकता नहीं, बल्कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक जनभागीदारी आधारित प्रयास है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए समर्पित भाव से कार्य करें।

### कार्यकर्ताओं का संकल्प

कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने विधायक के मार्गदर्शन में अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने बूथ स्तर पर जाकर मतदाता सूची के अद्यतन कार्य को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता जताई। यह पहल आगामी चुनावों के लिए एक मजबूत लोकतांत्रिक आधार तैयार करने की दिशा में एक सकारात्मक और दूरगामी कदम के रूप में देखी जा रही है। इस बैठक में बसना विधानसभा संयोजक डॉ एन के अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, नगर पंचायत बसना अध्यक्ष खुशबू अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष शीत गुप्ता, नगर पंचायत सीईओ सूरज सिदार, पार्षदगण, भाजपा मंडल अध्यक्षगण सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# सर्व आदिवासी समाज सोनाखान तहसील इकाई गठन एवं पदाधिकारी चयन को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

सोनाखान तहसील अंतर्गत ग्राम धमलपुरा (देवपुर) में सर्व आदिवासी समाज ने बैठक आहूत की। इस बैठक में तहसील में सम्मिलित सभी ग्रामों के सर्व आदिवासी समाज को सूचना प्रसारित कर आमंत्रित किया गया था। यह बैठक विशेष रूप से सर्व आदिवासी समाज सोनाखान तहसील इकाई गठन एवं पदाधिकारी चयन को लेकर आमंत्रित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सर्व आदिवासी समाज के मातृ-पितृ एवं युवा-युवती शक्तियों ने हिस्सा लिया।

बैठक सभा की शुरुआत ईष्ट देवों की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती वंदना से की गई। तदुपरांत मंचीय कार्यक्रम में अतिथि स्वागत-सत्कार भी किया गया। सत्र के क्रम में सोनाखान तहसील इकाई गठन एवं पदाधिकारी चयन पर राय व्यक्त करते हुए बारी-बारी से समाज प्रमुखों और बुद्धिजीवियों ने अपने विचार उद्बोधन भी सभा के समक्ष रखे।

सर्वप्रथम मातृशक्ति ललित कुमारी भोई ने विचार साझा के दौर में अपने स्तर की समस्या से अवगत कराते निराकरण पहल करने की बात के साथ ही समाज को नाशपान



पर विस्तृत चर्चा रखते हुए इससे दूर रहने की अपील की। विजेंद्र सिंह पारेश्वर ने बैठक आयोजन के आशय पर विस्तार से जानकारी दी। जगमोहन बरिहा ने सोनाखान तहसील इकाई गठन एवं पदाधिकारी चयन के संबंध में कहा कि सर्व आदिवासी समाज बलौदाबाजार इकाई से इसकी सहमति के साथ प्रस्ताव पारित कराकर अनुमति ली जा चुकी है। शिवप्रसाद ठाकुर, अंजोर सिंह दीवान, दिनेश ठाकुर, यशवंत बरिहा, कीर्तन दीवान, अंजोर भोई, रतन बरिहा, गणेश राम बरिहा, नंदकुमार बरिहा, सुशीला नेताम सहित समाज के प्रबुद्धजनों ने अपने वक्तव्य में महापुरुषों को नमन करते एवं उनके आदर्शों को आत्मसात करने के आह्वान के साथ ही गौरवशाली ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, संविधान, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, धर्म-संस्कृति, जल, जंगल,जमीन एवं वर्तमान स्थिति, परिस्थितियों और अनेक ज्वलंत मुद्दों सहित राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में भी बातें रखी। कीर्तन दीवान ने समय प्रबंधन एवं अर्थ प्रबंधन पर सभा का ध्यान आकृष्ट कराया।

सभा में सर्वसम्मति से राय मशविरा पश्चात सोनाखान तहसील इकाई गठन कर पदाधिकारियों के चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न की गई। जिसमें कार्यकारिणी के रूप में पदाधिकारियों एवं सदस्यों का मनोनयन किया गया। सबसे पहले तहसील इकाई के तीन संभाग के लिए कार्यकारिणी सदस्यों को चुना गया। इसमें बार संभाग के लिए भीखम सिंह ठाकुर, सोनाखान संभाग रोहित कुमार जगत व देवरी संभाग रतन बरिहा को सर्वमत से मनोनीत किया गया।

तहसील इकाई सोनाखान सर्व आदिवासी समाज कार्यकारिणी अध्यक्ष के रूप में विजेंद्र सिंह पारेश्वर को सर्वसम्मति से चुना गया। महिला प्रभाग उपाध्यक्ष ललित कुमारी भोई को मनोनीत किया गया। साथ ही भरत लाल दीवान सचिव, कोषाध्यक्ष श्यामलाल नेताम, संरक्षक द्वय गजकुमार ठाकुर व सुरेंद्र सिदार, कर्मचारी प्रभाग जगमोहन बरिहा, युवा प्रभाग यशवंत बरिहा एवं मीडिया प्रभारी के बतौर शिवप्रसाद ठाकुर का चुनाव किया गया। वहीं तीनों संभाग के लिए वर्गवार तत्कालिक सदस्य चुनाव में बार संभाग में कंवर समाज कीर्तन दीवान, ध्रुव समाज जागेश्वर पोटेडी, गोंडवाना गोंड समाज शंकर ठाकुर व सोनाखान बिंझवार समाज कृष्ण कुमार बरिहा, गोंड समाज जागेश्वर ठाकुर का चुनाव किया गया। जबकि, सोनाखान संभाग में कंवर समाज व धनवार समाज का सदस्य चुनाव शेष के साथ ही देवरी संभाग में भी गोंड समाज, बिंझवार समाज, कंवर समाज, कोंध समाज, संवरा समाज एवं खड़िया समाज के लिए सदस्य पद का चुनाव बाकी है।

# गोंड समाज के युवक-युवती का परिचय सम्मेलन 5 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ रानी महल पिथौरा लहरौद में समाज के शादी योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन को लेकर बैठक हुई। जिसमें सर्वप्रथम इष्ट देव भागवान बूढ़ादेव की पूजा आरती की गई। इसके बाद समाज के सभी पदाधिकारियों का अक्षत तिलक लगाकर स्वागत सत्कार किया गया। बैठक को सुचारू रूप चलाने के लिए सभापति के रूप में सर्वसम्मति से अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ केंद्रीय अध्यक्ष बंसता ठाकुर को नियुक्त किया गया। पश्चात समाज पदाधिकारियों ने सभापति के आदेश लेकर कहा गया कि समाज के शादी योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन को लेकर चर्चा कर कार्यक्रम का रूप रेखा तैयार किया गया। जिसमें अगामी 5 दिसंबर 2025 को सर्कल महादेवा धाम कसेकेरा राज सुवरमाल में रखने का निर्णय लिया गया।

बैठक में राज एवं सर्कल के पदाधिकारी उपस्थित रहे। युवक-युवती परिचय सम्मेलन में अपने अपने राज एवं सर्कल के विवाह योग्य युवक युवती का बायोडाटा जमा करने सर्कल सचिव एवं अध्यक्ष के पास 200 रुपए शुल्क के साथ जमा करना होगा। इस दौरान केंद्रीय अध्यक्ष बंसता ठाकुर, महासचिव लाभो ठाकुर, संचालक रनसाय ठाकुर, कोषाध्यक्ष पूरन सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष शिव प्रसाद ठाकुर, अंकेक्षक श्यामलाल ठाकुर, सचिव थान सिंह ठाकुर, राज अध्यक्ष खल्लारी यसवंत ठाकुर, राज अध्यक्ष कौडिया भूषण सिंग ठाकुर, राज अध्यक्ष सिरपुर भागीरथी ठाकुर, राज उपाध्यक्ष राजू ठाकुर, सर्कल अध्यक्ष भुरकोनी थनवार ठाकुर, सर्कल अध्यक्ष पोटापारा तनूजा ठाकुर, सर्कल अध्यक्ष खुडमुडी जनक नेताम, सर्कल अध्यक्ष खल्लारी नारायण ठाकुर, सर्कल अध्यक्ष चमारराय, महिला पुष्पा नेताम, गीता मरकाम, लता ठाकुर, संगीता ठाकुर, बीणा ठाकुर, युवा प्रकोष्ठ टिकेश ठाकुर, जागेश्वर ठाकुर, भानू ठाकुर, सोना खान, कटगी, कसडोल, राज के प्रतिनिधि के अलावा समाज के मीडिया प्रभारी तूफान दीवान समेत समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## बेमचा, परसवानी एवं बिरकोनी में विधायक ने लगाई जनचौपाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा गुरुवार को ग्राम बेमचा, परसवानी एवं बिरकोनी पहुंचे और लोगों की समस्याओं को सुना। साथ ही उनकी समस्याओं के उचित निराकरण का आश्वासन दिया। वहीं शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। इसके अलावा ग्राम सरपंचों को योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए निर्देशित भी किया। इससे पहले भी बुधवार को विधायक ग्राम खरोरा, बेलसोंडा एवं साराडीह के ग्रामीणजनों से भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए।

# प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ शिक्षकीय दायित्वों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें शिक्षकगण : भीखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड महासमुंद के समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का मार्गदर्शन डीएमसी रेखराज शर्मा एवं सहायक संचालक शिक्षा नंदकिशोर सिन्हा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित महासमुंद जिला पंचायत के उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षकगण प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ शिक्षकीय दायित्वों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। साथ ही उन्होंने आह्वान किया कि जिले का परीक्षा परिणाम सुधार कर महासमुंद को पूरे छत्तीसगढ़ में शीर्ष पांचवें स्थान दिलाया जाए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी लहरे ने परीक्षा परिणाम सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जोर दिया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। कक्षा प्रबंधन एवं प्राचार्य द्वारा कक्षा निरीक्षण नियमित रूप से हो। पाठ्यक्रम का शत प्रतिशत पालन किया जाए। पाक्षिक परीक्षाओं का आयोजन अनिवार्य रूप से किया जाए। ब्लूप्रिंट के अनुसार अध्यापन किया जाए तथा विद्यार्थियों को उसकी जानकारी दी जाए। त्रैमासिक परीक्षा परिणाम का विश्लेषण कर विद्यार्थियों को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत कर विशेष तैयारी कराई जाए। प्रत्येक परीक्षा उपरांत पालक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) आयोजित की जाए।



डीएमसी रेखराज शर्मा ने बताया कि प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर त्रैमासिक परीक्षा में 20 प्रतिशत, अर्द्धवार्षिक परीक्षा में 20 तथा वार्षिक परीक्षा में 60 प्रतिशत अधिभार निर्धारित किया गया है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के अपार आईडी शत-प्रतिशत जनरेट करने तथा जाति प्रमाण पत्र के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में बीईओ लीलाधर सिन्हा, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, एवं विकासखंड महासमुंद के समस्त प्राचार्यगण उपस्थित रहे।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से महासमुंद जिले के घरों में रोशनी और बचत की नई किरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्र सरकार द्वारा प्रारंभ की गई पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आज आम नागरिकों के लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सार्थक पहल साबित हो रही है। इस योजना का उद्देश्य हर घर को ऊर्जा से आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि लोग अपनी बिजली स्वयं उत्पन्न कर सकें और बिजली बिल के बोझ से मुक्त हो सकें।

जिले में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ 12 हजार उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक जिले में योजना का लाभ लेने के लिए 5125 उपभोक्ताओं द्वारा आवेदन किया गया हैं एवं तेजी से नए फॉर्म भरे जा रहे हैं। अभी तक 4400 हितग्राहियों द्वारा वेंडर का सेलेक्शन कर लिया गया है। 1131 उपभोक्ताओं के घरों में सूर्य घर बिजली योजना से जिंदगी रोशन हो रहे है। पुराना रावणभाठा महासमुंद निवासी नाथूराम साहू ने 5 किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम अपने घर की छत पर लगाया है। उन्होंने बताया पहले उनका बिजली बिल काफी अधिक आता था, लेकिन अब बिल शून्य या कभी-कभी माइनस में आता है। इसी तरह पुलिस विभाग में कार्यरत पीटियाझर निवासी महेश पाल ने अपने मित्रों से चर्चा के बाद इस योजना के लिए आवेदन किया। पंजीकृत वेंडर द्वारा सोलर सिस्टम लगाने के बाद पिछले पांच महीनों से उनका बिजली बिल पूरी तरह शून्य है। त्रिमूर्ति कॉलोनी निवासी अजय





कुमार श्रीवास ने कलेक्ट्रेट भवन में लगे सोलर पैनल देखकर प्रेरणा ली और अपने घर पर 5 किलोवाट सोलर सिस्टम लगवाया। रमन टोला निवासी ठेकेदार एवं सप्लायर परमानंद साहू ने तीन माह पूर्व अपने घर की छत पर 3 किलोवाट सोलर सिस्टम स्थापित कराया। वे बताते हैं अब हमें 24×7 निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलती है। बिजली बिल शून्य नहीं बल्कि माइनस में जा रहा है और हमें क्रेडिट यूनिट का लाभ मिल रहा है। हमारे मोहल्ले के 10-12 घर भी अब सौर ऊर्जा से रोशन हैं। इसी तरह अन्य उपभोक्ताओं ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को ऊर्जा क्रांति का प्रतीक बताया है।




## जिला स्तरीय रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में शांत्रीबाई महाविद्यालय का सराहनीय प्रदर्शन

**महासमुंद।** शांत्रीबाई महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सविता चंद्राकर के मार्गदर्शन व रेडक्रास प्रभारी लुकेश साहू कि निर्देशन में महाविद्याललय के रेडक्रास यूनिट के छात्र/छात्राओं ने शासकीय अंबेडकर भवन में 10-12 नवंबर तक तीन दिवसीय जिला स्तरीय रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए। जिसमें जिले के 20 विद्यालय एवं महाविद्यालयों के रेड क्रॉस यूनिट के छात्र-छात्राओं ने भी सहभागिता की। शिविर का उद्धेश्य विद्यार्थियों में मानवीय सेवा, आपदा प्रबंधन तथा प्राथमिक उपचार के प्रति जागरुकता एवं व्यवहारिक दक्षता विकसित करना था। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को प्राथमिक सहायता के सिद्धांत एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण, आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन स्थिति में राहत कार्य की प्रक्रिया, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जुड़ी बुनियादी जानकारी, योग एवं मेडिटेशन के माध्यम से शारीरिक और मानसिक संतुलन, टीमवर्क, अनुशासन एवं सेवा भावना पर समूह गतिविधियाँ, सांस्कृतिक और रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से मानवीय मूल्यों का संवर्धन के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। शिविर के समापन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें शांत्री बाई महाविद्यालय, महासमुंद की रेड क्रॉस यूनिट ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में तृतीय स्थान तथा समग्र मूल्यांकन में छठवाँ स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के इस प्रदर्शन पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं में सेवा, सहयोग और नेतृत्व की भावना को सशक्त बनाते हैं। रेडक्रास यूनिट के छात्र/छात्राओं व प्रभारी लुकेश साहू के सराहनीय प्रदर्शन व शिविर में सक्रिय सहभागिता के लिए महाविद्यालय शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर, उपाध्यक्ष चन्द्रपाल चंद्राकर, द्रोण चंद्राकर, सचिव कमलेश चंद्राकर, संयुक्त सचिव बंशी लाल चंद्राकर, शिक्षण समिति के समस्त संचालक सदस्य, महाविद्यालय की प्राचार्य डा सविता चंद्राकर, मेनका चंद्राकर, नारायण चक्रधारी, देवेंद्र चंद्राकर, आकांक्षा सिंह, गायत्री चंद्राकर, हीना चंद्राकर, रेशम साहू, अर्शिन सालोमन, भूमिका दुबे, गोविंद वास, नरेंद्र तांडी, देवानंद चंद्राकर, गुलाब चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चंद्राकर, मानिक पटेल, चंद्रिका देवांगन ने हर्ष जताया है।

**खबर संक्षेप**



### शहीद स्मारक में लगाया गया गेंदा फूल का पौधा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में गेंदा फूल के दो सौ पौधे लगाए गए। इसमें पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, पूर्व सैनिक नंदकिशोर सिन्हा, पंच लतिका यादव, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, गुलशन चंद्राकर, नंदिनी यादव आदि का सहयोग रहा।

### दिशा की बैठक स्थगित

**महासमुंद।** जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक सांसद रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में 13 नवंबर को आयोजित किया जाना था। जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। आगामी आयोजन तिथि की जानकारी पृथक से दी जाएगी।



### शिविर में दी गई यातायात नियमों की जानकारी

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा चलाए जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस पर परियोजना कार्य के अंतर्गत शाला प्रांगण की साफ सफाई की गई। बौधिक सत्र के दौरान यातायात विभाग से एएसआई झुमुक लाल हिरवानी, हरिश चंद्राकर एवं चद्रवंशी आरक्षक द्वारा यातायात संबंधी जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि स्वयं की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर शासकीय स्कूल पिरदा के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं गुड शेफर्ड स्कूल से शिक्षका मधु नामदेव, अफरोज बेगम एवं सोनिया बांदे उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा की तैयारी बैठक 18 को

**कांकेर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत 27 नवम्बर से 02 दिसम्बर की अवधि में कांकेर जिले के 410 तीर्थयात्रियों को तीर्थ यात्रा में भेजा जाना प्रस्तावित है। उक्त यात्रा की तैयारियों के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में 18 नवम्बर को बैठक रखा गया है।

**पहल : जनसहयोग से अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान की होगी शुरुआत**

# सितली नाला को स्वच्छ बनाने के साथ ही कायाकल्प करने का लिया गया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद




अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान के तहत शहर के स्वाध्याय केंद्र में आयोजित बैठक में सितली नाला को स्वच्छ बनाने के साथ ही कायाकल्प करने का निर्णय लिया गया। बुधवार को स्वाध्याय केंद्र में नागरिकों की बैठक आयोजित की गई। पूजा अर्चना पश्चात बैठक की शुरुआत हुई।

सर्वप्रथम पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने सितली नाला के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में सितली नाला अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। कीचड़ के साथ ही गंदगी पसरी है। जिससे पचरी निर्माण का उपयोग नहीं हो पा रहा है। जबकि, यह पहले जीवदायिनी रही है। शहर के लोग यहां निस्तारी करते रहे हैं। पूर्व विधायक डॉ चोपड़ा ने कहा कि स्वाध्याय केंद्र समिति ने सितली नाला का कायाकल्प करने अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसमें पूरे नगरवासियों का सहयोग लिया जाएगा। यहाँ पाथवे निर्माण के साथ हरियाली के लिए पौधरोपण व सितली नाला की सफाई कराई जाएगी। समिति, इस अभियान को सफल बनाने तीन लाख का सहयोग करेगी। वे खुद एक लाख रुपए का सहयोग करेंगे। सितली नाला को संवारने करीब दो करोड़ के आसपास खर्च अनुमानित हैं। इसके लिए नागरिकों, समाज सेवी संस्थाओं से मदद लेने के साथ ही शासकीय सहयोग लिया जाएगा। अभियान में सहयोग करने वालों का नाम शिलालेख में उल्लेख किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समाजसेवी अशोक चौरड़िया की स्मृति में यह अभियान चलाया जाएगा। सितली नाला में तकनीकी कार्यो के निर्माण के एक टीम बनाई जाएगी, जिसमें इंजीनियरों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान पूरी तरह से गैर राजनीतिक है और इसमें सभी का आमंत्रित करने के साथ ही उनका सहयोग लिया जाएगा।

स्वाध्याय केंद्र समिति के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र राठौड़ ने कहा कि इस अभियान में पूरे नगरवासियों को जोड़ा जाएगा। समिति ने सितली नाला को संवारने जो संकल्प लिया है, उसे जनसहयोग से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बैठक में उपस्थिति देकर जो संबल प्रदान किया है उससे यह अभियान सफल होगा। नगर पुरोहित पं. पंकज तिवारी ने धर्म शास्त्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि जलाशय का संरक्षण करना एक यज्ञ के पुण्य के बराबर माना गया है। धरोहरों को सहेजना हमारा कर्तव्य है। इस अभियान में उत्साह के साथ योगदान देना होगा। उद्योगपति पारस चोपड़ा ने कहा कि यह अभियान वरदान साबित होगा। इस अभियान में जनभागीदारी आवश्यक है। उन्होंने अभियान की सफलता के लिए एसोशिएशन की ओर से सहयोग करने की बात कही। पत्रकार संजय डफले ने कहा कि यह बड़ा अभियान है। इस दौरान पार्षद पीयूष साहू, सीता टोंडेकर, मनीष शर्मा, राजू चंद्राकर ने पार्षद निधि से अभियान में सहयोग करने की घोषणा की। पूर्व पार्षद महेंद्र जैन, तिलक साव, ग्राम खैरा सरपंच प्रांशु चंद्राकर, देवेन्द्र दुबे, ऋषि चंद्राकर, त्रिलोकचंद सांखला, छन्नू साहू, टेक राम सेन ने भी अभियान की सफलता के लिए सुझाव देते हुए अपनी बात रखी।

बैठक का संचालन मोहन साहू तथा आभार प्रदर्शन स्वाध्याय केंद्र समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पाणिग्रही ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से महेश चंद्राकर, घनश्याम सोनी, चंद्रशेखर साहू, गोवर्धन प्रधान, तिलक साव, राजेश लूनिया, भूपेश पोपट, बलिराम साहू, रघुनाथ सिन्हा, संजय शर्मा, मोहन शर्मा, प्रदीप झाबक, सुशील शर्मा, अखिलेश लूनिया सहित बड़ी संख्या में शहर के प्रबुद्धजन, शिक्षाविद, पर्यावरणविद, मौजूद रहे।

## भारत सरकार ने रेजांगला स्मारक पर किया डाक टिकट जारी

**अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने जताया आभार**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

18 नवंबर 1962 का इतिहास वह दिन जब अहीर चार्ली कंपनी ने रेजांगला की बर्फीली चोटियों पर 1300 से अधिक चीनी सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया था। मां भारती की रक्षा करते हुए ये वीर अहीर जवान अमर हो गए और आज भी उनका शौर्य और भारतीय के हृदय में गूंजता है। भारत सरकार ने वीरों अहीरों के इस अमर बलिदान को नमन करते हुए अहीर धाम रेजांगला के नाम से डाक टिकट जारी किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री भारत सरकार द्वारा जारी इस डाक टिकट के माध्यम से शूरवीरों को सच्ची श्रद्धांजलि दी गई, जिन्होंने देश की अस्मिता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। भारत सरकार ने रेजांगला स्मारक पर डाक टिकट जारी किया है।

## बड़े साजापाली में हुआ जोन स्तरीय सांसद खेल महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली



ग्रामीण अंचल में छुपी खेल प्रतिभा को मंच प्रदान करने सांसद खेल महोत्सव का आयोजन हो रहा है, इससे बच्चों को खेल में आगे आने के लिए न सिर्फ अवसर मिल रहा बल्कि आने वाले समय में ओलंपिक एशियाड जैसे खेलों में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। उक्त बातें राज्य महिला आयोग सदस्य सरला कोरिया ने शाउमावि बड़े साजापाली के खेल प्रांगण में आयोजित जोन स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि के आसंदी से कही। समारोह की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीयूष ठाकुर ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भंवरपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष डेविड चौधरी, संस्था प्रमुख एवं नोडल अधिकारी यूएस पटेल आदि उपस्थित रहे।

## पठियापाली में हुई विहिप की बैठक, ग्राम स्तर पर टोली गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना



विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में ग्राम पठियापाली में एक महत्वपूर्ण बैठक एवं टोली गठन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री सौरभ अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष विद्याचरण पटेल एवं प्रखंड उपाध्यक्ष सविता वर्मन की उपस्थिति रही। बैठक का उद्देश्य ग्राम स्तर पर संगठन को सशक्त बनाना एवं हिंदू समाज को एक सूत्र में बांधने के लिए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना रहा। बैठक में दो प्रमुख विषयों पर विशेष चर्चा हुई जिसमें अक्षत-चावल निमंत्रण अभियान बढ़ाने के लिए चर्चा की गई। आगामी हिंदू सम्मेलन के लिए प्रत्येक घर-घर जाकर अक्षत-चावल से निमंत्रण देने की परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। इस पवित्र अभियान का उद्देश्य समाज में एकता, धार्मिक चेतना और सहभागिता को सशक्त बनाना है।

गृह संपर्क अभियान (शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष को समर्पित इस अभियान के माध्यम से प्रत्येक परिवार से संपर्क कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखे और संगठन को ग्राम-ग्राम तक मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसमें उत्साह, समर्पण और संगठन शक्ति की झलक स्पष्ट दिखाई दी।

## यूथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप में महाविद्यालय के विद्यार्थियों की उत्कृष्ट सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली




वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप महासमुंद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के निर्देशन एवं डॉ. आरएस पटेल विभागाध्यक्ष इतिहास एवं यूथ रेडक्रास सोसायटी प्रभारी के मार्गदर्शन में यूथ रेडक्रॉस सोसायटी इकाई के विद्यार्थियों ने 10 से 12 नवंबर तक अंबेडकर मंगल भवन संजय कानन पार्क के पास महासमुंद में आयोजित इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया।

इस कैंप का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा एवं मानवता को जीवित रखना विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाविद्यालय की ओर से परीक्षित पटेल (एमकॉम), रितिक साहू (बीकॉम), प्रभात सिंह सिदार, उमेश कुमार कैवर्त, मनीष दीप (एमए हिंदी), राहुल पटेल, नीलेंद्र चौहान (बीएससी बायो), निखिल टिकुलिया एवं देव आदित्य (बीएससी मैथ्स) ने प्रतिभागी के रूप में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, प्रभात सिंह सिदार ने एकल नृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संध्या भोई एवं मुख्य लिपिक गजपति पटेल, अनिल कुमार एवं समस्त स्टाफ ने हर्ष जताया है।

## खट्टी के बाजार परिसर में अवैध कब्जा कर मकान निर्माण, हटाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

कोमाखान तहसील के ग्राम पंचायत खट्टी के महात्मा गांधी एवं बाजार चौक में एक व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा कर मकान निर्माण किया गया है। इस जगह पर मकान बनने से ग्रामीणजनों को आने जाने तथा ट्रैक्टर, पिकअप वाहनों को परेशानी हो रही है।

इस संबंध में बाजार समिति अध्यक्ष एवं सदस्यों ने बताया कि इस चौक पर 30 से 35 वर्षों से कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन का खेल मैदान अथवा सप्ताह के मंगलवार के दिन बाजार लगता है। इस चौक में गांव के ही व्यक्ति शिवचरण कुर्रे पिता विजय कुर्रे द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर मकान छपरी निर्माण किया गया है। इससे ग्रामीणों को असुविधा हो रही है। समिति के अध्यक्ष कौशिक पटेल, सचिव अभिषेक पटेल, दीपक पटेल, नंदलाल सोम, मोतीराम, बलदेव सिन्हा, गोविंद यादव, लक्ष्मीचंद सिन्हा, अजय पटेल, नेमीचंद माखियार, भुनेश, वीर सिंग, धनीराम, जितेंद्र, रेशम पटेल इत्यादि ने शासन प्रशासन से अवैध कब्जा हटाने की मांग की है।

**बिजनेस साईट**

## सोहम हॉस्पिटल में लगा निःशुल्क सोनोग्राफी शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम लभराखुर्द स्थित सोहम हॉस्पिटल में 09 नवंबर को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 50 से अधिक मरीजों का डॉ. सोमी चंद्राकर एवं डॉ. युगल चंद्राकर द्वारा निःशुल्क सोनोग्राफी परिक्षण किया गया। जिसमें अन्य रोगों के मरीज जैसे जोड़ो के दर्द, पेट संबंधी समस्याओं, पथरी, पेट में जलन, गैस, चमड़ी के रोग, साइटिका, सर्वाइकल, दाद खाज खुजली आदि बीमारियों का निःशुल्क परीक्षण एवं उचित मार्गदर्शन मरीजों को दिया गया। जिले के हर तहसील जैसे बागबाहरा, तुमगांव, पिथौरा एवं आसपास के अनेक गांवों के लोग इस शिविर से लाभान्वित हुए। बता दें कि सोहम हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर युगल चंद्राकर के मार्गदर्शन में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं परीक्षण शिविर लगातार आयोजित किए जा रहे हैं।

## घुसपैठियों के नाम कटने के डर से कांग्रेस कर रही वोटर लिस्ट पुनरीक्षण का विरोध : चोपड़ा

**महासमुंद।** पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने देशभर में चल रहे मतदाता सूची के (एसआईआर) विशेष गहन पुनरीक्षण को 'समय की गहन आवश्यकता' बताया है और इस कदम को चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और शुचिता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण करार दिया है। डॉ. चोपड़ा ने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि मतदाता सूची में विसंगतियां 40-50 वर्षों से चली आ रही हैं। जिनमें मृत हो चुके मतदाताओं के नाम अभी भी सूची में शामिल हैं। एक से अधिक स्थानों पर नाम का शामिल होना, विशेष रूप से वार्ड बदलने वाले लोगों का और जो लोग शहर छोड़कर दूसरे स्थानों पर चले गए हैं, उनके नाम भी सूची में बने हुए हैं। डॉ. चोपड़ा ने कहा, इन विसंगतियों के चलते कई स्थानों पर वयस्क जनसंख्या से भी अधिक नाम मतदाता सूची में दर्ज हो जाते हैं। जबकि, कई पात्र नागरिकों के नाम सूची में शामिल होने से छूट जाते हैं। उन्होंने मतदाता सूची में व्यापक सुधार की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बिहार का उदाहरण दिया, जहां मतदाता सूची के सुधार के बाद मतदान के प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और कहा कि यह वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि अयोग्य, मृत या दोहरे नामों को हटाने से सूची अपडेट होती है और वास्तविक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करती है। डॉ. चोपड़ा ने कांग्रेस द्वारा पुनरीक्षण प्रक्रिया पर लगाए जा रहे आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस स्वयं भ्रमित है और देश को भी भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। उनके कहा कि कांग्रेस जिस प्रकार का आरोप लगाती है, इन आरोपों को ठीक करने के लिए यह काम किया जा रहा है। और आरोप लगाया कि कांग्रेस लगातार अपनी हार को छिपाने के लिए ईवीएम हैक, वोट चोरी जैसे अनर्गल आरोप लगाती रहती है। कांग्रेस इस पुनरीक्षण का विरोध केवल इसलिए कर रही है। क्योंकि, उसे इस बात की घबराहट है कि उन्होंने मतदाता सूची में 'घुसपैठियों और अपने समर्थकों' के जो गलत नाम शामिल करा रखे हैं, वे कट जाएंगे। डॉ. चोपड़ा ने दोहराया कि मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण बहुत ज़रूरी है। और यह चुनावी प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए एक गहन आवश्यकता है।

## वृद्धाश्रम में मिले 3 मानसिक रोगी, योग और ध्यान की दी गई सलाह



**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आशियाना वृद्धाश्रम में मनोसामाजिक परामर्श शिविर आयोजित किया गया। यहां 21 वृद्धजनों को मनोसामाजिक परामर्श दिया गया। जिसमें 3 मानसिक रोग मिले, उनको स्पर्श क्लिनिक अस्पताल आने के लिए सलाह दिया गया। ऐसे वृद्ध नशे की लत उनको हर हाल में छोड़ने के लिए सलाह दिया गया। विशेष रूप से ठंड के मौसम में अपने देखभाल के साथ तनाव को कम करने के लिए मनोरंजन का सहारा लेने, योगा, ध्यान करने कहा गया। शिविर में मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल स्पर्श क्लीनिक से पहुंचे रामगोपाल खूंटे, खोमन लाल साहू सीनियर नर्सिंग ऑफिसर, आश्रम स्टाफ का विशेष योगदान रहा।




